INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	Department: Hindi (2nd Lang)	Date :16/06/2020
Worksheet no.4	Topic: अपठित गद्यांश	Note: Pl. file in the port folio

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए :

मित्र भाई के समान होना चाहिए, जिससे हम अपना प्रीति -पात्र बना सकें। हमारे और हमारे मित्र के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए। ऐसी सहानुभूति जिससे एक के हानि- लाभ को दूसरा अपना हानि -लाभ समझे। मित्रता के लिए यह आवश्यक नहीं कि दोनों मित्रों का कार्य या रुचियाँ एक-सी हों । प्रकृति और आचरण की समानता भी आवश्यक नहीं है। मनुष्य का स्वभाव शांत होना चाहिए । दो विभिन्न प्रकृति के मनुष्यों में भी बराबर प्रीति और मित्रता रही है। मित्रता के लिए प्रगाढ़ स्नेह ज़रूरी है । जैसे राम धीर - गंभीर तथा शांत प्रकृति के थे तो लक्ष्मण उग्र स्वभाव के थे। फिर भी दोनों भाइयों में प्रगाढ़ स्नेह था और उनकी मित्रता खूब निभी ।

प्रश्न 1 मित्र कैसा होना चाहिए?

क- दोस्त के समान

ख- भाई के समान

ग - मित्र के समान

घ - शत्रु के समान

प्रश्न-2 मित्र और हमारे बीच कैसी सहानुभूति होनी चाहिए ?

क- सच्ची

ख- पक्की

ग - कच्ची

घ - झूठी

प्रश्न-3 मनुष्य का स्वभाव कैसा होना चाहिए?

क- उग्र

ख- उद्दंड

ग - नम्र

घ - शांत

प्रश्न-4 मित्रता के लिए क्या आवश्यक है?

क- शांत प्रवृत्ति

ख- समान रुचियाँ

ग - सच्ची श्रद्धा

घ - प्रगाढ़ स्नेह

प्रश्न-5 गद्यांश का उचित शीर्षक चुनिए।

क- सच्चा मित्र

ख- शत्रु

ग- भाई

घ - मनुष्य

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए :

मनुष्य की आदतें बचपन में ही बनाई जाती हैं ,पौधे को जैसी खाद और मिट्टी शुरू में दी जाती है, वह उसी का आदी हो जाता है। देश की भलाई इसी में है कि लोगों को बचपन से ही मेहनती बनाया जाए और इन्हें कम खर्च करने वाला और कुर्बानी के लिए तैयार रहने वाले सबक सिखाए जाएँ । उन्हें वीरता के किस्से सुनाए जाएँ , जिससे छोटी उम्र में उनके कोमल हृदय में वीरता के पौधे उगने लगे । कुछ लोगों का मत है कि बच्चों को पूर्ण स्वतंत्रता देनी चाहिए। किंतु हम ऐसी स्वतंत्रता के पक्ष में नहीं हैं, जिससे बच्चे पथभ्रष्ट हो जाएँ । आज के बालक ही कल के नागरिक होते हैं। उन्हीं पर देश का भविष्य निर्भर होता है। अतः उन्हें आरंभ से ही सीधी राह पर चलना चाहिए अन्यथा बात बिगड़ जाने पर पश्चाताप के आँसू ही हाथ लगेंगे।

प्रश्न -1 गद्यांश "के लिए एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

क - मनुष्य

ख - मनुष्य की आदतें

ग- स्वतंत्रता

घ - नागरिक

प्रश्न-2 मनुष्य की आदतें कब बनाई जाती है?

क- बचपन में

ख- जवानी में

ग- बुढ़ापे में

घ- युवा में

प्रश्न-3 बचपन में मेहनती बनाने में किसका लाभ है?

क- अपना

ख- सबका

ग - देश का

घ- दुनिया का

प्रश्न-4 लेखक बच्चों को कैसी स्वतंत्रता के पक्ष में नहीं है?

क- पूर्ण

ख- अपूर्ण

ग - आधी

घ- थोड़ी

प्रश्न-5 आज के बच्चे कल के क्या होंगे ?

क- बच्चे

ख- युवा

ग- नागरिक

घ- बूढ़ा

===========